Bharat Temples

सच्चे हिरदये से श्याम का सुमिरन किया करो

सच्चे हिरदये से श्याम का सुमिरन किया करो
जी भर के श्याम नाम का प्याला पीया करो
दिन रैना सब बीते बीते ये कितने घोर
सच्चे हिरदये से श्याम का सुमिरन किया करो

जिस की दया से चल रही तेरी ये जिन्दादी
करता नही क्यों वन्वारे तू उस की बंदगी
थोडा सा वक़्त श्याम को अर्पण किया करो
जी भर के श्याम नाम का प्याला पीया करो

जिस को भरोसा श्याम का उसको फिकर नही,
रेहता है श्याम साथ में कोई भी डर नही,
घुट घुट के क्यों हो मर रहे हस के जिया करो
जी भर के श्याम नाम का प्याला पीया करो

जीवन का भार सोंप दे बाबा के हाथ में
गोदी के लाल की तरह रखेगा थाम के
कैसे लडाये लाड वो अनुभव किया करो
जी भर के श्याम नाम का प्याला पीया करो

जय जय करे जो बाबा की उसकी भी जय सदा

उसका सितारा भाग्य का रेहता उदये सदा,
बिनु मगन हो बाबा की जय जय किया करो
जी भर के श्याम नाम का प्याला पीया करो

Source:
https://www.bharattemples.com/sache-hirdye-se-shyam-ka-sumiran-kiya-karo/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw